# आदिवासी दिवस पर दिखी संस्कृति की भव्य झलक

## रानी दुर्गावती चौक से निकली रैली, शाम को दलसागर चौपाटी पर होगा नाइट स्टेज शो

**सिवनी नवभारत। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को सिवनी में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और सामाजिक एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। समस्त आदिवासी समाज, सिवनी के तत्वावधान में जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, लोकनृत्य तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया।**

कार्यक्रम की शुरुआत दलसागर टापू पर पूजा-गोंगो के साथ हुई। इसके बाद जनजातीय समाज के महापुरुषों एवं राजा दलपत शाह को माल्यार्पण कर उनके योगदान और संघर्षों को नमन किया गया। अधिवक्ता महेंद्र शाह मर्सकोले ने बताया कि समाज की अपेक्षा है कि विकास योजनाओं में स्थानीय जरूरतों और पारंपरिक जीवनशैली को महत्व मिले तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

दोपहर में रानी दुर्गावती चौक से भव्य रैली का शुभारंभ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिला-पुरुष और युवा लोकवाद्य यंत्रों की धुन पर चलते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। रैली में आदिवासी समाज की एकता और सांस्कृतिक पहचान की झलक दिखाई दी। शाम को दलसागर चौपाटी में नाइट स्टेज शो आयोजित किया जाएगा। शाम 6 से रात 10 बजे तक होने वाले कार्यक्रम में लोकनृत्य, लोकगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

धनोरा, घंसौर, बरघाट, केवलारी, लखनादौन, कुरई और छपारा विकासखंडों में भी विश्व आदिवासी दिवस को लेकर समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। जिले के आदिवासी अंचलों में लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र और रीति-रिवाज आज भी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ रहे हैं। शिक्षा के विस्तार के साथ युवा उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, खेल, कला और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।





## कुरई-बादलपार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**कुरई/बादलपार नवभारत।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को सिवनी जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कुरई विकासखंड के बादलपार, चक्की खमरिया सहित आसपास के आदिवासी अंचलों में भी विश्व आदिवासी दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने वाहन रैली निकालकर अपनी एकजुटता, सामाजिक पहचान और संस्कृति का संदेश दिया। रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान 'एक तीर, एक निशान, आदिवासी एक समान' सहित विभिन्न नारों से क्षेत्र गूंज उठा। वाहन रैली के माध्यम से समाज की एकता और अपनी पहचान को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देने के लिए केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में विश्व आदिवासी दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिन के माध्यम से आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक एकता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सभी समाजजनों ने आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।



### 9 अगस्त को अवकाश घोषित करने की मांग

इस अवसर पर कैलाश उईके ने कहा कि आदिवासी समाज अब जागरूकता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। समाज अपने अधिकारों, संस्कृति और पहचान को लेकर लगातार जागरूक हो रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि 9 अगस्त, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में शासकीय अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।



## छपारा में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

छपारा नवभारत। रविवार को छपारा में विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग परिवार सहित पहुंचे। सुबह करीब 4 बजे से लगातार बारिश होने के बावजूद समाजजनों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया।

कार्यक्रम स्थल पर दोपहर 1 बजे से विधि-विधान एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। रैली बस स्टैंड से प्रारंभ होकर संजय कॉलोनी चौराहा, माता वार्ड, जैन वार्ड, झंडा चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया।

रैली में आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, रंग-बिरंगी पगड़ियों और सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ सहभागिता की। ढोल-नगाड़ों की थाप और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे नगर को आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग दिया। रैली में शामिल विशाल जनसमूह को देखने के लिए जगह-जगह नगरवासी भी मौजूद रहे।

लगातार बारिश के बावजूद हजारों लोगों की सहभागिता के चलते 9 अगस्त का दिन छपारा में विश्व आदिवासी दिवस के भव्य आयोजन के रूप में यादगार बन गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन एवं पुलिस बल के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

### एक नजर में

**सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा के साथ हुआ बेटी महोत्सव क शुभारंभ -नीलेश शिखानियां**



**सिवनी।** बालक -बालिकाओं के आत्म शक्ति को प्रबल कर खेल के माध्यम से सशक्त जीवन मे स्वास्थ ,शिक्षा और संस्कार के लिये इस प्रकार के आयोजन समाज मे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा देते हे उक्ताशय विचार नीलेश शिखानिया खेल प्रभारी सरस्वती विधा मंदिर कोटरा ने तीन दिवसीय बेटी महोत्सव के शुभारंभ के दौरान बालसखा प्रोतसाहन पहल के दौरान बालक -बालिकाओं संग सरस्वती विधा मंदिर पर सुरक्षित पौधरोपण कर प्रारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नन्ने बालक और बालिकाओं साथ खेल मे अभ्यास करवाकर खो खो खिलाड़ी सृष्टि कश्यप के जन्मोत्सव पर खेल के प्रति जीवन मे स्वास्थ और शिक्षा से मार्गदर्शन दिये और सादगी पूर्ण रूप से बेटी महोत्सव मे छोटी छोटी रचनात्मक पहल पर प्रकाश डालकर उन्हें प्रेरित किये सभी ने चिल्लर पार्टी कर स्वल्पाहार ग्रहण किया इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप ने कहा कि सरस्वती विधा मंदिर शिक्षण संस्था मात्र नहीं अपितु विद्यार्थी के स्वास्थ ,संस्कार ,शिक्षा क केंद्र हे जो जीवन मे एक आदर्श जीवन कि नींव रखने मे योगदान देता हे इस अवसर पर सरस्वती विधा मंदिर एथलेटिक यूनिट कि बाल टीम के रतन यादव ,पलक सललाम ,कविता ठाकुर ,रोशनी अहरवार ,कारंत पांडे ,देव यादव संस्कृति कश्यप ,सृष्टि कश्यप ,ऋतिक ,संस्कार ,आदित्य अन्य बालक -बालिकाएं उपस्थित थे

## छपारा में भारिया जनजाति समाज ने मनाया आदिवासी दिवस

**पारंपरिक वेशभूषा और उल्लास के साथ निकाली गई भव्य रैली**



**छपारा नवभारत।** विकासखंड छपारा में भारिया जनजाति समाज द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने परिवार सहित कार्यक्रम में सहभागिता की और आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया।

भारिया जनजाति समाज के वरिष्ठ कृष्णकांत ठकरिया ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सिंचाई कॉलोनी के समीप स्थित निजी लॉन में समाज के लोग एकत्रित हुए। यहां विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समाजजनों ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दीं। दोपहर करीब 4 बजे कार्यक्रम स्थल से भव्य रैली निकाली गई। रैली संजय कॉलोनी चौराहा, माता वार्ड, जैन वार्ड, झंडा चौक एवं लोधी वार्ड होते हुए बस स्टैंड परिसर पहुंची। रैली में समाजजन पारंपरिक अंदाज में नाचते-गाते, नारे लगाते और हाथों में झंडे लहराते हुए शामिल हुए। पूरे मार्ग में आदिवासी संस्कृति और एकजुटता का उत्साह नजर आया। रैली पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां शाम करीब 6 बजे कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद समाजजनों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारिया जनजाति समाज के लोग परिवार सहित उपस्थित रहे।

**सैकड़ों शिवभक्तों ने थामी कावड़, माताओं-बहनों की भी रही बड़ी भागीदारी; वैनगंगा का जल लेकर करेंगे रत्नेश्वर महादेव का अभिषेक**

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा गणेशगंज, दिघोरी के लिए निकली कावड़ यात्रा

**गणेशगंज नवभारत।** सावन माह के पावन अवसर पर विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रविवार 9 अगस्त को गणेशगंज से दिघोरी (गुरुधाम) स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर के लिए भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। खास बात यह रही कि कावड़ यात्रा में माताओं एवं बहनों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

**वैनगंगा नदी से भरेंगे जल**

कावड़ यात्रा में शामिल शिवभक्त छपारा स्थित वैनगंगा नदी पहुंचकर पवित्र जल भरेंगे।



इसके पश्चात कावड़ लेकर यात्रा बंडोल पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। सोमवार को कावड़ यात्रा पुनः प्रारंभ होकर दिघोरी स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु पवित्र जल



से भगवान रत्नेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। सावन मास, महाशिवरात्रि एवं अन्य प्रमुख धार्मिक अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। कावड़ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शिवभक्तों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

> **आस्था का प्रमुख केंद्र है दिघोरी गुरुधाम**
>
> सिवनी जिले में स्थित दिघोरी (गुरुधाम) धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यह स्थान स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की जन्मस्थली के रूप में भी प्रसिद्ध है। यहां स्थित श्री गुरु रत्नेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र है। मंदिर में स्थापित प्राकृतिक स्फटिक शिवलिंग अपनी विशिष्टता के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं के बीच मान्यता है कि स्फटिक शिवलिंग के दर्शन एवं पूजन से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## आदिवासी दिवस पर कलारबांकी में हुआ भव्य आयोजन



**कान्हीवाड़ा नवभारत।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को ग्राम कान्हीवाड़ा सहित आसपास के गांवों में आदिवासी समाज द्वारा उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कान्हीवाड़ा से भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की।

कान्हीवाड़ा सहित आसपास के गांवों से निकली रैलियां एकजुट होकर ग्राम कलारबांकी पहुंचीं, जहां विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी एकता और सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया। रैली और कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज और सामाजिक एकता की शानदार झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण बढ़ाया। पूरे आयोजन के दौरान समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने तथा जल, जंगल और जमीन सहित आदिवासी समाज के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में आदिवासी समाज की एकजुटता, संस्कृति और सामाजिक चेतना का प्रभावी संदेश दिया।

## स्वाधीनता, अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति और पर्यावरण का रक्षक है आदिवासी समुदाय : डॉ रामकुमार चतुर्वेदी



**सिवनी नवभारत।** 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने उक्त आशय के उदगार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के बारे में इतिहास को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया। आदिकाल से चली आ रही मानव सभ्यता ही आदिवासी सभ्यता है जो निरंतर अपनी स्वाधीनता, अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष करते रही है देश महामानव बिरसा मुंडा, टंट्या भील और ऐसे अनेकों शूर वीर बलिदानियों के संघर्ष को कभी विस्मृत नहीं कर पाएगा।

प्राध्यापक अखिलेश यादव, रामेश्वर पांडे, अभिषेक सनोडिया, अनिकेत अहिरवार, अरूणा पटले ने भी विश्व आदिवासी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए । विधि विधार्थियों में राजेश तिवारी, दिव्यांश तिवारी ,अनिल डंभारे , आयशा उइके ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफलतम संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा मैडम ने किया और आभार प्रदर्शन श्रीमति आकांक्षा तिवारी मैडम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विमल विमला ठाकरे, नंदनी बैश,नेहा सतनामी, पलक* *सनोडिया ,विधि मांत्रे ,अश्विनी प्रजापति,रक्षा नामदेव, शैलूजा मडावी, राजेश तिवारी,नंदू यादव,दिव्यांश तिवारी,जितेन्द्र चौहानिया ,अनिल डंभारे, शिवि बरकडे, रिया जंघेला ,पायल उइके ,आयशा उइके ,दिव्या राऊत सोनिया कनोजिया,प्रियंका परतें, तनय रायकवार ,विशाल सनोडिया ,अमर सिंह नागवंशी, संगम सेन,स्नेहा उइके आदि की गरीममयी उपस्थिति रही।

## ट्रैक्टर पलटा, जेसीबी की मदद से निकाले गए दो युवक



**सिवनी नवभारत।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बारिश के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो युवक उसके नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से जेसीबी बुलाकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों घायलों को घंसौर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा जाम गांव के पास हुआ। शनिवार देर रात खेत से गांव की ओर लौटते समय बारिश के कारण रास्ते पर फिसलन थी। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में जाम गांव निवासी रोहित (22) और उमेश (28) ट्रैक्टर के नीचे दब गए।

अंधेरा और लगातार बारिश के कारण रेस्क्यू में परेशानी हुई। ट्रैक्टर भारी होने के कारण उसे हाथों से हटाना संभव नहीं था। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को उठाकर दोनों युवकों को बाहर निकाला गया। रेस्क्यू के बाद दोनों युवकों को तत्काल घंसौर अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में बारिश के कारण रास्ते पर फिसलन और ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसे के समय ट्रैक्टर कौन चला रहा था और वाहन में कितने लोग सवार थे।

**लापरवाही** | **जय श्री राम महिला स्व-सहायता समूह, मेरहा पिपरिया द्वारा किया जाता है राशन वितरण का कार्य**

## अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं मिला राशन, समूह संचालक पर आरोप

**पलारी नवभारत।** ग्राम चंदनवाड़ा खुर्द में शासकीय राशन वितरण व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जय श्री राम महिला स्व-सहायता समूह, मेरहा पिपरिया द्वारा राशन वितरण का कार्य किया जाता है, लेकिन हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 55 हितग्राहियों से राशन प्राप्ति के लिए अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन उन्हें अब तक राशन का वितरण नहीं किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगस्त माह का राशन भी अभी तक हितग्राहियों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। उनका आरोप है कि शासन द्वारा गरीब परिवारों के



लिए संचालित अंत्योदय योजना का लाभ समय पर हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक समूह संचालक के प्रतिनिधि के रूप में निलेश सोनी द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था देखी जाती है, लेकिन हितग्राहियों को राशन वितरण की सही जानकारी भी नहीं दी जाती। इससे भी दुकान की जा चुकी है शिकायत लेकिन शिकायत के बाद भी अभी तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है वही

ग्रामीणों ने बताया कि समूह को राशन वितरण की जिम्मेदारी मिलने के बाद से कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार राशन को लेकर अलग-अलग कारण बताकर उन्हें गुमराह किया जाता है और कई बार आधा-अधूरा राशन मिलने की बात कही जाती है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में शासन की ओर से राशन पहुंचाया जा चुका है, लेकिन उसका वितरण अभी तक नहीं किया गया है। इससे पात्र हितग्राही राशन के लिए परेशान हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि हितग्राहियों से अंगूठा लगवाने के बाद राशन वितरण नहीं किए जाने के मामले की भी जांच की जाए, ताकि शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ पात्र परिवारों को समय पर मिल सके।

> **समूह को हटाकर जांच कराने की मांग ग्रामीण में भारी आक्रोश**
>
> वही इस पूरे मामलों को लेकर पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है जिससे ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कराने और राशन वितरण व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित समूह के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौजूदा समूह द्वारा समय पर राशन वितरित नहीं किया जा रहा है तो उसे हटाकर किसी अन्य पात्र व्यक्ति या समूह को राशन वितरण की जिम्मेदारी दी जाए।

## शालेय संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सिवनी का वर्चस्व



**बरघाट नवभारत।** नरसिंहपुर में शालेय संभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 8 से 9 अगस्त को आयोजित की गई थी,जिसमें सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, बालिका 19 वर्ष में टीम के कोच आशीष दीक्षित के मार्गदर्शन में टीम विजेता बनने में सफल रही , फाइनल में सिवनी की ओर से खेलते हुए स्नेहा, पलक एवं वीना ने बालाघाट को सीधे 3-0 से परास्त किया, वहीं बालक वर्ग में मिनी वर्ग के मुकाबले में सिवनी और बालाघाट के मध्य सेमीफाइनल में आर्यन, देवांश एवं लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन किया, पर वह फाइनल तक नहीं पहुंच सके। तीनों खिलाड़ी पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे, वहीं 17 वर्ष बालक में सिवनी और जबलपुर के फाइनल मुकाबले में एक तरफा प्रदर्शन करते हुए वैभव श्रीवास ,आदर्श सूर्यवंशी व सक्षम अवधिया ने 3-0 से जबलपुर को मात दी ,वही बालक 19 वर्ष में पुनः जबलपुर के साथ फाइनल हुआ जहां काफी संघर्ष के उपरांत समर्थ अवधिया के अपराजेय प्रदर्शन के चलते सिवनी जबलपुर पर 3- 1 से विजयश्री हासिल करने में सफल रही, इस सफलता में देवेश बट्टी एवं यशराज सूर्यवंशी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही ,साथ ही वरिष्ठ खिलाड़ी सोमिल मिश्रा और आदित्य शर्मा का भी इस विजय में मार्गदर्शक के तौर पर शानदार साथ मिला, इस टीम के स्नेहा भद्रवंशी ,पलक हुमनेकर , वीना मंडावी , समर्थ अवधिया, देवेश भट्टी, यशराज सूर्यवंशी, वैभव श्रीवास, आदर्श सूर्यवंशी, सक्षम अवधिया एवं देवांश गुप्ता का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर के लिए किया गया है जिसमें अच्छे प्रदर्शन हेतु टेबल टेनिस संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश राय मुनमुन, जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दिक्षित, सहायक संचालक एस एस कुमरे ,जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल पाठक, गोलू मालवीय, मनीष मिश्रा, देवेंद्र ठाकुर, प्रदीप वर्मा ,भावना गायकवाड, नारायण बिसेन, प्रेम श्रीवास्तव, सुनील मर्सकोले, कैलाश साहू,सोहन सेन, अनुराग तिवारी,योगेश पाठक, निशाद खान ,शैलेंद्र साहू वह अन्य खेल प्रेमियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है